| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 13.3.24 | 2 | 6 |

The Tribune

# Drones to be in focus at HAU krishi mela on March 18-19

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, MARCH 12
Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) would organise an agricultural fair (kharif) on March 18-19 on its campus in Hisar. "Importance of drones in farming would be this year's theme," said Vice-Chancellor BR Kamboj. He said recognising the importance of drones in farming was the need of the hour. "Use of drones in various agricultural activities will reduce costs as well as save resources," he added. Apart from farmers, seeds, fertilisers, pesticides, agricultural machines and equipments manufacturing companies would also be participating in the fair, he said, adding that, the farmers would also get an opportunity to learn about the latest technology and infrastructure in the field.

HAU Director of Extension Education Dr Balwan Singh Mandal said the facility of getting their soil tested would be available to farmers, besides, other facilities. Crop competitions would also be organised at the event, he added.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 14.3.24 | 2 | 2-5 |


## कुलपति प्रो. काम्बोज ने चयनित छात्राओं को दी बधाई

# दो छात्राओं सोनम और निधि का वैज्ञानिक पद पर चयन

**विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है।**



हिसार। चयनित छात्राओं के साथ हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राओं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है।

चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बुधवार को बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित्त नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन का रहा विशेष योगदान

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. रामप्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता देवानंद शर्मा किसान है जबकि माता श्रीमती निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री में डेवलेप्लमेंट एंड इवेलेशन ऑफ इन बॉयनोकराईस्ट्रल फॉर विट एंड पिर्लर मिलेट ग्राउन अंडर इन डिविसियंट एंड इन सियुफिशियंट कंडिशन विषय पर डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही है, जबकि छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी में बाओडीग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडेक्शन बाई बेक्टीरिया यूजिंग लो कॉस्ट सबस्ट्रेक विषय पर डॉ. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में पीएचडी में शोध कर रही हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. बलजीत सिंह सहारण व डॉ. अजय पाल भी मौजूद रहे।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 14.3.24 | 5 | 5-6 |

# हकृवि की दो छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन में वैज्ञानिक पद हुआ चयन



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ • पीआरओ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलाजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित्त नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए है।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डा. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता देवानंद शर्मा किसान है। माता निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। गौरतलब है कि छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री में डेवलप्लमेंट एंड इवेलेशन आफ इन बायनोकराईस्ट्रल फार विट एंड पिर्लर मिलेट् ग्राउन अंडर इन डिविसियंट एंड इन सियुफिशियंट कंडिशन विषय पर डा. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही है, जबकि छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी में बाओडीग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडेक्शन बाई बेक्टीरिया यूजिंग लो कॉस्ट सबस्ट्रेक विषय पर डा. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में पीएचडी में शोध कर रही हैं। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, डा. बलजीत सिंह सहारण व डा. अजय पाल भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 15.3.24 | 2 | 2-5 |


# हकृवि की 2 छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन में हुआ चयन



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ।

हिसार, 13 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की 2 छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है।

छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएच.डी. की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पी.एच.डी. की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता सावित्री सिहाग गृहिणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता देवानंद शर्मा किसान है। माता निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनो विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया।

गौरतलब है कि छात्रा सोनम सिहाग बायोकैमिस्ट्री में डिवैल्पमैंट एंड इवेलेशन ऑफ इन बॉयनोकराईस्ट्रल फॉर विट एंड पिर्लर मिलेट् ग्राउन अंडर इन डिविसियंट एंड इन स्फीशियंट कंडिशन विषय पर डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पी.एच.डी. में शोध कर रही है, जबकि छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी में बायोडीग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडक्शन बाई बैक्टीरिया यूजिंग लो कॉस्ट सबस्ट्रेक विषय पर डॉ. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में पीएच.डी में शोध कर रही हैं। इस अवसर पर ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. बलजीत सिंह सहारण व डॉ. अजय पाल भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14.3.24 | 2 | 5-6 |

## सोनम व निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में हुआ चयन



**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है।

छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बधाई दी। चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता सावित्री सिहाग गृहिणी है। जबकि निधि शर्मा गत्रौर से संबंध रखती है। इनके पिता देवानंद शर्मा किसान है। माता निर्मला शर्मा गृहिणी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14.3.24 | 9 | 5-6 |

# हकृवि की 2 छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में चयन



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ।

हिसार, 13 मार्च (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित्त नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टास्क व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है। चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता श्रीमती सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता श्री देवानंद शर्मा किसान है। माता श्रीमती निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनो विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिंसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14.3.24 | 4 | 1-2 |

# एचएयू की छात्रा सोनम व निधि डीआरडीओ में बनीं वैज्ञानिक



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ। स्रोत स्वयं

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा निधि शर्मा व सोनम सिहाग का रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है।

छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय और सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही है। जल्दी ही दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विवि की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने दोनों छात्राओं को बधाई दी है। चयनित छात्रा निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता देवानंद शर्मा किसान और माता निर्मला शर्मा गृहिणी हैं। वहीं सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है।

उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक व माता सावित्री सिहाग गृहिणी हैं। दोनों छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। गौरतलब है कि छात्रा निधि शर्मा डॉ. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में जबकि सोनम सिहाग डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही हैं। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 14.3.24 | 9 | 5 |

## हकृवि की 2 छात्राओं का डीआरडीओ में हुआ चयन

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टास्क व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 13.03.2024 | -- | -- |

# हकृवि की 2 छात्राओं का डीआरडीओ में हुआ चयन

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित्त नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टास्क व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 13.03.2024 | -- | -- |

## हकृवि की 2 छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में हुआ चयन



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार, 13 मार्च। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं को इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टॉक व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

**शिक्षकों के मार्गदर्शन का रहा विशेष योगदान**

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक है जबकि माता श्रीमती सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गनौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता श्री देवानंद शर्मा किसान है। माता श्रीमती निर्मला शर्मा गृहणी है। इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। गौरतलब है कि छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री में टैक्नोलॉजीज एंड इनोवेशन ऑफ इन बायोमैकेनिकल्स फॉर डिंग एंड मिल्क मिनरल्स प्रजन अंडर इन विलिबिलिटर एंड इन विट्रो सिम्युलेटेड कंडीशन विषय पर डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही है, जबकि छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी में बायोडीग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडक्शन बाई बैक्टीरिया यूजिंग लो कॉस्ट सब्सट्रेट विषय पर डॉ. बलजीत सिंह सहारण के सानिध्य में पीएचडी में शोध कर रही है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. बलजीत सिंह सहारण व डॉ. अजय पाल भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 13.03.2024 | -- | -- |


# हकृवि की 2 छात्राओं का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन में हुआ चयन

## विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित छात्राओं को दी बधाई



**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम सिहाग और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री विषय तथा छात्रा निधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। चयनित छात्राओं को इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ाई के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसिलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आदान-प्रदान प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टाक्स व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

**शिक्षकों के मार्गदर्शन का रहा विशेष योगदान**

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में सोनम सिहाग सिरसा की रहने वाली है। उनके पिता डॉ. राम प्रताप सिहाग कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक ह जबकि

माता श्रीमती सावित्री सिहाग गृहणी है, जबकि निधि शर्मा गन्नौर (सोनीपत) से संबंध रखती है। इनके पिता श्री देवानंद शर्मा किसान है। माता श्रीमती निर्मला शर्मा गृहणी है।

इन दोनो विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया।

गौरतलब है कि छात्रा सोनम सिहाग बायोकेमिस्ट्री में डेवलेप्लमेंट एंड इवेलेशन ऑफ इन बॉयनोकराईस्ट्ल फॉर विट एंड पिलर मिलेट् ग्राउन अंडर इन डिफिसियंट एंड इन सियुफिशियंट कंडिशन विषय पर डॉ. अजय पाल के मार्गदर्शन में पीएचडी में शोध कर रही है.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 14.3.24 | 6 | 1-4 |

# दैनिक भास्कर

### गेहूं कटाई के बाद देसी कपास, नरमा की बिजाई के लिए खेत तैयार कर लें और अप्रैल में बिजाई करें


# रेतीली मिट्टी या टिब्बे की भूमि में करें कपास की बिजाई, एचडी 432, एचडी 123, एएएच-1 किस्मों का प्रयोग करें

यशपाल सिंह | हिसार

रेतीली मिट्टी या टिब्बे वाली जमीन पर अच्छी पैदावार लेने के लिए कपास की बिजाई अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में कर लेनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि देसी कपास व नरमा की उन्नत किस्मों एचडी 432 एचडी 123, एच 1098i व देसी कपास की संकर किस्म एएएच-1 बोने की सिफारिश की जाती है।

विवि द्वारा अनुमोदित की गई बीटी संकर किस्में ही लगाएं। इसकी जानकारी आप कृषि विज्ञान केंद्र या कृषि विभाग से प्राप्त कर सकते है। बीज प्रमाणित संस्था या अधिकृत विक्रेता से ही ले, पक्का बिल लें। अच्छी उपज के लिए कपास की सामान्य बिजाई अप्रैल से प्रारम्भ कर मई के दूसरे पखवाड़े तक कर सकते है। बीज का उपचार करके ही अमेरिकन कपास नरमा के लिए 6-8 किलोग्राम रोएं रहित बीज व 8-10 किलोग्राम रोएंदार बीज पर्याप्त होता है।

## ऐसे करें खेत की तैयारी



सामान्य कपास की बिजाई के लिए खेत की तैयारी मार्च के अंत में शुरू करें। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करें। फिर 3-4 जुताइयां करके खेत को अच्छे से तैयार कर लें। कपास की बिजाई के समय खेत में बत्तर का होना जरूरी है। खेत में अच्छा पलेवा करें।

## कितना बीज डालना है

देसी कपास के लिए 5 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ डालें। ड्रिल द्वारा बीजने के लिए यदि रोएं उतारे बीज न मिलें तो 6 किलोग्राम प्रति एकड़ रोएंदार साधारण बीज को बोने से पूर्व मिट्टी, गोबर या राख में रगड़ लेना चाहिए।

## बीजजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए करें बीजोपचार

**बीमारियां प्रायः** उन खेतों में ज्यादा हानि पहुंचाती हैं जिनमें उपचारित बीज न बोया गया हो। भूमि एवं बीजजनित बीमारियों से बचाव के लिए बोने से पहले बीज का उपचार कर लें। उपचार के लिए 10 लीटर पानी में 1 ग्राम स्ट्रैप्टोसाइक्लिन व सक्सीनिक तेजाब =1 ग्राम घोल लें। इसमें 5-6 किलोग्राम रोएं वाले बीज को 6-8 घंटे व 6-8 किलोग्राम बगैर रोएंदार बीज को 2 घंटे तक भिगोकर उपचारित करें। जिन खेतों में जड़ गलन का प्रकोप देखा गया है ऊपर वाले उपचार के साथ 2 ग्राम बाविस्टिन प्रति कि.ग्रा. बीज के हिसाब से बोने से पहले बीज में लगाएं। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ करमल सिंह मलिक के अनुसार जहां दीमक की समस्या हो वहां पर 10 मिली क्लोरपायरीफॉस 20 ईसी व 10 मिली. पानी को मिलाकर एक किलोग्राम बीज का इससे उपचार करके बिजाई करें।

## एक खूड़ वाली ड्रिल से करें कतारों में बिजाई

बिजाई एक खूड़ वाली ड्रिल से कतारों में करें। दो खूड़ों व पौधों का फासला लगभग 67.5x30 सेंटीमीटर रखें। बीज 4-5 सेंटीमीटर की गहराई पर डालें। संकर कपास व बी टी संकर के लिए कतार से कतार की दूरी 67.5 सेंटीमीटर तथा पौधे से पौधे की दूरी 60 सेंटीमीटर रखनी चाहिये या कतार से कतार की दूरी 100 सेंटीमीटर व पौधे से पौधे की दूरी 45 सेंटीमीटर रखनी चाहिए।

## प्रति एकड़ 22 किलोग्राम यूरिया डालें

देसी कपास में 22 किलोग्राम प्रति एकड़ यूरिया 45 दिन बाद डालें। इतना ही यूरिया बिजाई के 75 दिन बाद डालें। संकर किस्मों में बिजाई के समय 50 कि.ग्रा. यूरिया, 150 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट, 40 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश व 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट डालें। फिर 50 केजी यूरिया बिजाई के 45 दिन बाद, 50 केजी यूरिया बिजाई के 75 दिन बाद डालें।

## अमेरिकन कपास की बिजाई के समय डालें 38 केजी यूरिया व 75 केजी सुपर फास्फेट

अमेरिकन कपास यानि नरमा की बिजाई के समय खेत में 38 केजी यूरिया, 75 केजी सुपरफास्फेट प्रति एकड़ डाल दें। रेतीली भूमि में 10 केजी जिंक सल्फेट बिजाई के समय डालें। यूरिया खाद बाद में पौधों को विरला करते समय डालें। पोटाश की कमी वाले खेतों में 20 केजी म्यूरेट ऑफ पोटाश बिजाई के समय अवश्य बिखेर दें। यदि कपास की बिजाई खाली पड़ी जमीन में करनी है तो बिजाई के समय सुपरफास्फेट तथा पोटाश ही डालें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 13.03.2024 | -- | -- |

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (खरीफ) 18-19 मार्च को

## इस वर्ष कृषि मेला (खरीफ) का मुख्य विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 13 मार्च : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 18-19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा। कुलपति ने कहा खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी।



हकृवि में आयोजित होने वाले कृषि मेला (खरीफ) को लेकर तैयारियां चलती।

कृषि मेला (खरीफ)-2024 के बारे में और जानकारी देते हुए विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने मेला ग्राउंड में लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई रबी फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग जारी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल 'पहले आओ, पहले पाओ' के अधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। किसानों के मनोरंजन के लिए दोनों दिन हरियाणावी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल मार्च में कृषि मेला आयोजित करता है जिसमें हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान भाग लेते हैं। इस मेले में एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी भी लगाई जाती है जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लुवास तथा हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कृषि निविष्टों तथा फार्म मशीनरी बनाने वाली कंपनियां भी भाग लेकर अपनी टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करती हैं।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 13.03.2024 | -- | -- |

## हकृवि की 2 छात्राओं सोनम और निधि का रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन में हुआ चयन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की दो छात्राएं सोनम मिश्रा और निधि शर्मा का रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है। छात्रा सोनम मिश्रा बायोकेमिस्ट्री विभाग तथा छात्रा निधि शर्मा

माइक्रोबायोलॉजी विभाग में पीएचडी की पढ़ाई कर रही है तथा जल्दी ही ये दोनों छात्राएं अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी कर लेंगी। विश्वविद्यालय की इन छात्राओं का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है।



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ।

चयनित छात्राओं की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का प्रयास निरंतर विश्वविद्यालय को नित नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपने ज्ञान व मेहनत से अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, काउंसलिंग, मोटिवेशनल सेशन, आवास-प्रवास प्रशिक्षण, प्री-प्लेसमेंट टाक्स व पूर्व प्रतिभाशाली छात्रों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से उनका मार्गदर्शन किया जाता है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कमलजीत सिंह सहरावत व डॉ. अजय पाल भी मौजूद रहे।